तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 9 दिसंबर 2024


राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका ने छिंदगढ़... 11


लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने किया जा... 11




## खबर संक्षेप

### चाकू से जानलेवा किया हमला ग्रामीण घायल, इलाज जारी



**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम पलाचुर में चाकु से हमला कर ग्रामीण को घायल कर दिया। घायल ग्रामीण को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका ईलाज जारी है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे पलाचुर निवासी 32 वर्षीय राम नरेटी पिता महेत राम नरेटी ने पुलिस को बताया कि मेरे बड़े भाई पलाचुर निवासी दर्शन नरेटी पिता ऊलूम नरेटी की बेटी 6 दिसंबर को आत्मानंद स्कूल में पढ़ने के लिए गई थी। भतीजी घर वापस नहीं आई तो उसका आस पास में पात तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। अगले दिन 7 दिसंबर को अपने घर पर था तभी दोपहर करीबन ढाई बजें दर्शन नरेटी फोन कर बताया कि मुझे राम नेताम ने चाकू घोप दिया है। आरोपी राम नेताम गाली देने गला और हत्या करने की नियत से अपने हाथ में रखे चाकू से मेरे सिर, पेट में दो बार घोप दिया, जिससे खून निकलने गला। घायल को ईलाज के लिए दुर्गुकोंदल अस्पताल भर्ती किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109, 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत घोटिया निवासी संदीप कुमार सलाम ने 6 से 7 दिसंबर के बीच फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घोटिया निवासी शंभू सलाम ने पुलिस को बताया कि मृतक घर से घूमने जाने की बात कहकर निकला था। अगले दिन पता चला कि उसने फांसी लगा लिया है। मृतक द्वारा फांसी लगाने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नेत्र जांच शिविर में दी बीमारियों की जानकारी



**कांकेर।** स्वास्थ्य विभाग जिला अस्पताल कांकेर के नेत्र विभाग के द्वारा शहर के जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल के छात्रावास में नेत्र जांच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित नेत्र विभाग के द्वारा नेत्र जांच शिविर में जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. विष्णु साहू नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा बताया गया कि आजकल बच्चों में ड्राई आई संबंधित सामान्य बीमारियां देखने को मिल रहा है जो कि अधिकतर बच्चों में लंबे समय तक तक मोबाइल फोन, कम्प्यूटर व लैपटॉप के उपयोग करने के कारण होता है, जिसके बचाव के संबंध में समझाइश दिया गया और साथ ही बच्चों का नेत्र जांच भी किया गया। नेत्र जांच शिविर में स्कूल के प्रिंसिपल, शिक्षक, हॉस्टल अधीक्षक तथा स्वास्थ्य विभाग से भुनेश्वर, धीरेन्द्र उपस्थित रहे।

### अग्निवीर प्रशिक्षण से लौटे युवक का किया स्वागत

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम सिरसिदा निवासी तारक साहू ने अग्निवीर प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूरा कर अपने गृह ग्राम लौटने पर ग्रामवासियों और समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तारक साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गौरीशंकर साहू के भांजे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे साहू समाज को गर्व है। युवक के पिता उत्तम साहू और माता मुकेश्वरी साहू ने अपने बेटे की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। समाज के लोगों ने युवक शेष पेज 10 पर

# जर्दायुक्त गुटखा पाउच पर प्रतिबंध को ठेंगा, खुलेआम बिक्री पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जर्दायुक्त गुटखा पाऊच पर शासन ने प्रतिबंध लगाकर खूब वाहवाही बटोरी। इस कदम से आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने वाला महकमा खुश तो है, लेकिन हकीकत में गुटखा की बिक्री बिलकुल भी बंद नहीं हुआ है। नगर सहित गांवों में धड़ल्ले से प्रतिबंधित गुटखा पाऊच बिक रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग जानकर भी अनदेखी कर रहा है।

शहर के कई दुकानों में दुकानदार चोरी-छिपे पाऊच बेच रहे थे, उनके हौसले बुलंद होते ही अब खुलेआम बेच रहे है। जर्दायुक्त गुटखा पाऊच में प्रतिबंध होने के बाद से दुकानदारों का मुनाफा बढ़ चुका है, क्योकि 2 रूपए का गुटखा पाऊच को 50 पैसे अधिक मूल्य में बेंच रहे है।

गुटखा प्रतिबंधित होने के साथ मूल्य में बढ़ोत्तरी होने के बाद भी न खाने वालों ने बंद किया और न ही बनाने वालों ने। गुटखा निर्माताओं की ऊंची पहुंच होने के चलते यह आसानी से नगर के दुकानों में पहुंच रहा है, जिसके साथ संबंधित विभाग के अधिकारी भी मूकदर्शक बने हुए है तभी तो प्रतिबंध के बाद भी व्यापार चल रहा है।

## जिम्मेदार अफसर का मौन अघोषित स्वीकृति

### कम नहीं हुए गुटखा खाने वाले शौकीन

गुटखा चबाना इन दिनों फैशन बन चुका है। हर आयु वर्ग के लोग गुटखा चबा रहे है, चाहे वह बूढ़ा हो या फिर युवा, महिलाओं सभी इसके शौकीन है। पुराने दौर में बड़े बुजूर्ग पान चबाना अपनी शान समझते थे, किसी बड़े उत्सव व सामाजिक बैठकों में आदर के साथ लोगों को पान पेश किया जाता था, वहीं बड़े बुजूर्ग किसी भी त्योहार हो या फिर मेला हो, वहां पर पान चबाना बड़ा पसंद करते थे। बदलते दौर में पान की जगह गुटखे ने ले लिया है। यह सहज रूप से पान ठेलों में बिक रहा है।



### महिलाओं को गुड़ाखू तो युवाओं को सिगरेट की लत

गुटखा पाऊच को प्रतिबंधित किया गया है, पर गुड़ाखू व सिगरेट भी जर्दा का काम करता है। यह सहज तरीके से पान ठेलों में मिलने के कारण युवाओं को सिगरेट का तो महिलाओं को गुड़ाखू का लत लग चुका है। शौच जाने के पहले युवा वर्ग सिगरेट पीना तो महिला वर्ग गुड़ाखू करना ज्यादा पसंद करती है, जिसे ज्यादा मात्रा में हर वर्ग नशा के लिए उपयोग कर रहा है।

## सावधानी : पहाड़ियों के पास अवैध कब्जा होने से वन्य प्राणियों को हो रही दिक्कतें

# ठंड शुरू होते ही हिंसक प्राणियों का आतंक कांकेर में तेंदुआ-भालू की आमद से दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- बेर और जाम की खुशबू से भालू का बस्तियों के निकट होता है आना
- तेदुए और भालू के हमले का कई वारदात हो चुकी

ठंड शुरू होते ही बेर व जाम की खुशबू सूंघकर भालू का बस्तियों में आना जाना शुरू हो जाता है। भालू के अलावा तेंदुआ की भी कांकेर जिला मुख्यालय से लगभग 10 किमी. के अंदर में हर पहाड़ पर तेंदुआ की दस्तक बढ़ गई है। वन्य प्राणियों के दस्तक बढ़ जाने से भोजन की तलाश में जंगल से बाहर निकलते है और हमला करते है। कोदागांव की घटना ने सभी का दिल दहला दिया। भालू के हमले की घटनाएं आएं दिन होती रहती है, उसी तरह से अब तेंदुए की हमले की खबरें लगातार आ रही है। जिले में भालूओं के हमले की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जंगल में दिनों दिन फलदार पौधों की संख्या घटती जा रही है, जिससे जंगली जानवर गांव व शहर में बेर व जाम की गंध पाकर पहुंच रहे है व दिन के समय में खेतों व नर्सरी में रहने लगे है। वापिस जंगल न जाने वाले दिन के समय किसी से मुटभेड़ हो जाने पर तुरंत ही लोगों पर हमला कर रहे है, जो लोगों को गम्भीर हालत तक चोटिल कर छोड़ते है, इसके चलते कई लोगों की जान भी जा चुकी है। वन विभाग के आंकड़ो की मानें तो हर साल भालू के हमले की दो दर्जन से ज्यादा घटनाएं हो जाती है। इसी तरह से अब तेंदुआ के हमले की घटनाएं बढ़ रही है। दुधावा क्षेत्र में एक बच्चे पर हमला करने के बाद 4 दिसंबर को कोदागांव में जिस तरह से जिंदा आदमी को तेंदुआ उठाकर ले गया, उससे अब दहशत का माहौल बन गया है। भालूओं की तरह तेंदुआ की भी दस्तक ज्यादा बढ़ गई है।

जानकारों की मानें तो कांकेर जिला मुख्यालय से लगभग 10 से 20 किमी. की दूरी पर स्थित पहाड़ियो पर भालू और तेंदुएं की संख्या बढ़ गई है और उसी का परिणाम है कि जंगलो में वन्य प्राणियों को भोजन नहीं मिलने के कारण ही वन्यप्राणी बस्ती की ओर आ रहे है। ग्रामीणों ने वन अधिकर पत्र के नाम पर जंगल को काटकर अपना अधिपत्य बताकर वन अधिकार पत्र बनवा लिया है और अब जंगल उजड़ गए है। इसके अलावा जिला मुख्यालय से लगी पहाड़ियो के नीचे अवैध कब्जे बढ़े है। ऐसे ही कई कारण है और अब वन्यप्राणियों को भोजन के लिए जंगल में कुछ नहीं मिल पाने के कारण ही बस्तियों पर हमले हो रहे है। पहाड़ियो के नीचे कब्जे करने वाले में अधिकतम शासकीय कर्मचारी के परिजन ही है। नंदनमारा छोटेपारा में कई बार तेंदुआ पहुंचकर बकरी व मुर्गियों को निशाना बनाया है, यहां तक एक ग्रामीण पर हमला बोल चुका है, जो बाल बाल बचा था।



वारदात : कोदागांव इलाके में इस तरह की पहली घटना, गांवों में दहशत का माहौल

बारदेवरी-कोदागांव मार्ग पर तेंदुए के हमले से ग्रामीण की मौत से दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

घर को पालने वाला कोई नहीं

पीएम कर शव परिजनों को सौंपा

जंगली जानवरों का आतंक बना चुनौती

मुआवजा प्रकरण तैयार किया गया

### कोदागांव की घटना के बाद दहशत का माहौल

कोदागांव में 4 दिसंबर की घटना ने सभी को झकझोर दिया है और अभी भी मौका है कि पहाड़ियों के नीचे अवैध कब्जा करना बंद कर दे, नहीं तो आने वाले समय में इससे भी बढ़ी घटनाएं हो सकती है। जिला प्रशासन व वन विभाग को कांकेर शहर व आसपास 20 किमी. के ईलाके में पहाड़ के पास वन अधिकार पत्र दिए गए है, उनको खारिज कर दें, इसके अलावा अवैध कब्जों पर कार्यवाही शुरू कर दिया जाएं।

# मामूली बात पर की मारपीट व दी जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर




नगर के सुभाषवार्ड में युवक के साथ मामूली बात को लेकर व ग्राम हाटकोंगेरा में लिफाफा की बात को लेकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे सुभाषवार्ड कांकेर निवासी 30 वर्षीय सचिन कुमार मण्डावी पिता परदेशी राम मण्डावी ने पुलिस को बताया कि 6 दिसंबर को शाम 6 बजें पान दुकान में गुटखा लेने गया था। तभी बाहर से आकर इधर-उधर घुम-धुम के रहने वाले घनश्याम गिरी गोस्वामी ने यह कहा कि किसका बर्थ-डे मना रहा है। तो मैने कहा कि मेरे भांजा का बर्थ-डे है, मेरे द्वारा ऐसा कहने पर आरोपी घनश्याम गिरी गोस्वामी मुझे आदिवासी जानते हुए भी तुम लोग कभी नहीं सुधरोगे कहते हुए गाली देने लगा। गाली देने से मना किया मना किया तो हाथ-थप्पड़ से कान के पास जोर से मारा, जिससे मेरे कान के पास दर्द हो रहा है। उसके बाद मेरे घर के पास में आकर भी जातिगत गाली गलौज करने लगा व जान से मारने की धमकी दिया, जिससे मै डरा हुआ हूं। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। वही रायपुर निवासी 54 वर्षीय राज कुमार देवांगन पिता स्व. नकुल राम देवांगन हाल निवास अन्नपूर्णपारा कांकेर ने पुलिस को बताया कि लेडिस टेलर दूकान चलाता हूं। मेरे दुकान में कमलेश देवांगन की पत्नी हेमा देवांगन काम करती है। हेमा देवांगन का मेरा दुकान में काम करना कमलेश देवांगन को पसंद नहीं है। ग्राम हाटकोंगेरा में 6 दिसंबर को मनीष देवांगन के घर छट्टी कार्यक्रम में गया था। वहां पर लिफाफा लेने कमलेश देवांगन के दुकान में गया। लिफाफा नहीं मिला उसके बाद कार्यक्रम स्थल में बैठा था। तभी आरोपी कमलेश देवांगन मुझे फोन कर मेरे घर क्यों, लिफाफा लेने आया था कहकर गाली देने लगा तो मैने फोन काट दिया। रात करीबन साढ़े 8 बजें कार्यक्रम स्थल पर बैठा था, उसी समय कमलेश देवांगन आया और गाली देते हुए आज तुझे जान से मार दुंगा बोलकर हाथ मुक्का तथा इंट से मारपीट किया, जिससे मेरे सिर मे चोट आया है।

# लोन की राशि जमा करने की बात पर की मारपीट, पुलिस जांच शुरू

**कांकेर।** कोतवाली थानांतर्गत माहुरबंदपारा में अपने दोस्त को लोन में बन रहें ब्याज को जमा करने के लिए पैसा मांगने पर धक्का मुक्की कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 36 वर्षीय केश कुमार सोनकर पिता गणेश कुमार सोनकर ने पुलिस को बताया कि उन्होने अपने दोस्त माहुरबंदपारा निवासी राजू सोनी पिता गजेंद्र सोनी को बैंक से 10 लाख रूपएं लोन लेकर एवं 5 लाख स्वयं के पास से कुल 15 लाख रूपएं दिया है। दिए पैसे में से 10 लाख रूपएं का लोन प्रति माह के एक तारिख को लगभग 19 हजार 553 रूपएं लोन जमा करने के लिए 30 नवंबर को रात 10 राजू सोनी के घर के पास गया। तब राजू सोनी के द्वारा मैं पैसा नहीं दूंगा, तुमको जो करना है कर लो कहते हुए गाली दिया और जान से मारने की धमकी देकर मेरे हाथ को पकड़ कर खिंचते हुए धक्की मुक्की कर मारपीट किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



# शराब के नशे में किया उपद्रव युवक पुलिस की गिरफ्त में

**कांकेर।** चाकूबाजी की घटना के बाद चारामा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गस्त बढ़ा दी है। क्षेत्र में निरंतर गस्त पेट्रोलिंग एवं संदिग्ध स्थानों व संदिग्ध लोगों की चेकिंग किया जा रहा है। गस्त के दौरान पेट्रोलिंग टीम को जानकारी मिला कि चारामा के वार्ड क्रमांक 2 में संदिग्ध व्यक्ति झांकाताकी कर रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध आरोपी को पकड़ा। थाना चारामा पेट्रोलिंग टीम 7 दिसंबर की रात को गस्त कर रही थी। तभी वार्ड क्रमांक 2 चारामा निवासी दीपा बाई सोनकर ने पुलिस को बताया कि एक व्यक्ति घर में झांकाताकी कर घर में घुसने का प्रयास कर रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति दीपाबाई सोनकर के घर के पास शराब के नशे में था। नाम पूछने पर अपना नाम वार्ड क्रमांक 2 जबरपारा चारामा निवासी 23 वर्षीय प्रमोद यादव उर्फ विजय यादव होना बताया। आरोपी उत्तेजित होकर मकान मालिक के साथ झगड़ा विवाद करने लगा। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह समझने को तैयार नही था। हिरासत में लेकर थाना लाया गया। उक्त व्यक्ति के विरूद्व प्रतिबंधात्मक धारा 170 ,126, 135 (3) बीएनएसस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।



# हर माह के पहले व दूसरे शनिवार को कृषि चौपाल का होगा सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा कृषि और किसान कल्याण विभाग, कृषि शिक्षा और सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि चौपाल कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य किसानों को नई कृषि अनुसंधान तकनीक प्रसार करना, सर्वोत्तम कृषि पद्धतियों को बढ़ाया देना और कृषि विशेषज्ञों के साथ सीधा सन्वाद स्थापित करना है।

कृषि चौपाल कृषि में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर कृषक समुदाय को शिक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। प्रत्येक एपिसोड में कृषि में नवीन तकनी दिखाया जाएगा, जिन्हें प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिकों के साथ बातचीत के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा, जिसका प्रसारण हर महीने के पहले या दूसरे शनिवार को दोपहर 2 से 3 बजे तक किया जाएगा। पहला एपिसोड 7 दिसंबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक प्रसारित किया गया और इसमें हाल ही में जारी की गई। विभिन्न रबि फसलों की 109 नई किस्मों पर चर्चा किया गया, जिसका सिधा प्रसारण किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में दिखाया गया। इस अवसर पर उपसंचालक शेष पेज 10 पर

## कांच के टुकड़े से कई घायल, फिर भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं

# शराबियों का शहर में उत्पात, सड़क, मैदान व सार्वजनिक स्थल बोतल व पाउच से भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- शराबी शराब पीकर बोतल को फेंक रहे खेतों में, किसान परेशान

जिला मुख्यालय में शराबियों के नाम से अब कोई जगह सुरक्षित नहीं बच पा रही है। नरहरदेव स्कूल मैदान में पीने वाले पीछे सरकारी कार्यालय के सामने पीने लगे, वहीं सड़क किनारे शराब पीकर उत्पात मचाते हुए बोतल फोड़कर कांच खेतों में फेंकने लगे है, जिससे किसान चोटिल हो रहे है। चोटिल हो रहे किसान अपना उपचार कराने के लिए अस्पताल में जाकर डॉक्टर के सामने शराबियों को कोस रहे है पर प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रही है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।



जिला मुख्यालय से लगे पण्डरीपानी में दारू दुकान बनाई गई है, उस क्षेत्र में दारू दुकान के अलावा चखना सेन्टर और खेत है। दारू पीने वाले शौकीन चखना सेन्टरों में सामान खरीदने के बाद आसपास कही भी सड़क किनारे बैठकर शराब पीते है, जिसमें कई लोग उत्पात मचाते हुए दारू की बोतलो को फोड़कर इधर उधर फेंक देते है, जिसमें कई बोतल खेत में भी फेंके गए है। आसपास खेत में काम करने वाले किसान खेतों में अभी धान कटाई में जुटे है, जिनके पैर में दारू की बोलत लगने से चोटिल हो रहे है, ठीक उसी तरह माकड़ी, नांदनमारा में बाईपास के लिए के लिए सड़क बनाया जा रहा है, सड़क बनकर तैयान नहीं हो पाया है कि शराबियों का अड्डा बन गया है। क्षेत्र में शराबी शराब लेकर पहुंचते है, जो आराम से जाम छलकाने के बाद बोलतों को फोड़कर वहीं खेतों में फेंक देते है, जो किसान, मजदूरों के पैरों में लगने से चोटिल हो रहे है। किसान इस दौरान शराबियों को कोसते हुए अस्पताल पहुंचकर उपचार करवा रहे है पर शराबियों का कुछ नहीं बिगाड़ पा रहे है।

आम आदमी शराबियों का कुछ नहीं बिगाड़ पा रही है पर प्रशासन भी शांत है, जिससे शराबियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है और जहां मन चाहे वहां पर बैठकर जाम छलका रहे है। आम जगहों में जाम छलकाने से बच्चों पर बूरा असर पड़ रहा है पर शराबी बाज नहीं आ रहे है, जिससे बच्चें भी नशे के शिकार होते जा रहे है।

### छात्रों की समस्याओं के निराकरण के निर्देश जारी



**धनेलीकन्हार।** कांकेर ब्लाक के धनेलीकन्हार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदागांव में 7 दिसम्बर शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल निरक्षण करने पहुंचे। पदस्थापना के बाद पहेले बार पहुचे जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल ने दसवी व बारहवी के छात्रों से अपना परिचय देते हुए कहा की अगामी बोर्ड परीक्षा में बेहत्तर परिणाम के लिए समय प्रबंधन पर विषेश जोर देते हुऐ नियमित पांच घंटे अभ्यास करने की बात कही। उन्होंने मोबाइल का उपयोग कम से कम करने पर बल देते हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर सतत प्रयास करने की सलह दी। उन्होंने अर्धवार्शिक परीक्षा की बधाई देते हुए वार्षिक बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत तक शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

# चिराग परियोजना से किसान परिवारों की उन्नति संभव

## खबर संक्षेप



### 18 साल से कर रहे जोखिम भरा कार्य मिलता है केवल 6 हजार रुपए

**सांकरा।** छग विद्युत ठेका श्रमिक विकास संगठन ने विभिन्न मांगों को लेकर विधायक अंबिका मरकाम से मुलाकात की। कर्मचारियों ने उनकी मांगों को विधानसभा सत्र में रखने की मांग की। उन्होंने विधायक को बताया कि 18 वर्ष से विभाग के लिए जोखिम भरा कार्य कर रहे हैं। उन्हें वेतन 6 से 9 हजार के बीच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि कई जिलों में टेंडर नहीं होने के कारण भी विभाग द्वारा 7 से 8 महीने का वेतन जब दिया जा सकता है तो उन्हें क्यों नहीं दिया जा सकता। शासकीय, अर्ध शासकीय निगम मंडल में कार्यरत अकुशल, कार्यकुशल, उच्चकुशल श्रेणी में कार्य कर रहे श्रमिकों को 4000 रुपये देने की घोषणा की गई थी जो अभी तक आप्राप्त है। उन्होंने दिल्ली व अन्य राज्यों की तरह 21000 रु केंद्रीय वेतनमान को छत्तीसगढ़ में लागू करने की मांग की। आगे कहा कि भाजपा ने चुनाव जीतने से पहले अपने जनघोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत 100 दिनों के अंदर अनियमित आउटसोर्स कर्मचारी के लिए कमेटी बनाकर उनकी मांग को पूरा करने की बात गई थी जो अब तक नहीं बनी।

### न्योता भोज में बच्चों ने खाई आलू, चना की सब्जी

**डांडेसरा।** मितान धारा फाउंडेशन आर्गनाइजर ने शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भुसरेंगा के बच्चों को न्योता भोज कराया। बच्चों को खीर, पूड़ी, पापड़, अचार, चाकलेट, सलगा बड़ा, आलू चना की सब्जी खिलाई गई। प्रधानपाठक यूके कोसरिया ने इस आयोजन की प्रशंसा की। मौके पर फाउंडेशन की हेमलता यादव, जमुना पटेल, केशरी पटेल, झामिन पटेल, रूपाबाई, ललिता साहू, इंद्राणी साहू, वर्षा निर्मलकर, सियाबाई, शांतिबाई, चित्ररेखा ध्रुव, पिंकी निर्मलकर, पूजा, दयाबाई, कोमल साहू, ईश्वरीबाई, पूर्व सरपंच रामाधीन निर्मलकर समेत अन्य उपस्थित थे।

---

## 360 कृषक परिवारों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

कोण्डागांव के विकासखण्ड माकड़ी एवं बड़ेराजपुर के चिन्हित ग्राम में से निहित ग्राम खुड़ी, बाघबेड़ा, कोषाहरदुली, उलेरा, पाड़ोकी, छोटेराजपुर, बड़ेराजपुर, माडोकी खरगांव में चिराग परियोजना अन्तर्गत एक दिवसीय कृषक परिवार प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 360 कृषक परिवार के सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण में पोषण एवं बागवानी क्रियाकलाप के घटक पोषण, व्यक्तिगत बाड़ी, बाड़ी फेंसिंग, ग्रेवेटि ड्रीप, बाड़ी फसल प्रदर्शन तथा सामुदायिक बाड़ी में की जाने वाली उद्यानिकी गतिविधियों का विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में घटकों के अन्तर्गत प्रावधानित अनुदान सहायता राशि के बारे में विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी गई।



### उपस्थित रहे

प्रशिक्षण के दौरान विमल कुमार गौतम, सहायक संचालक उद्यान, कोण्डागांव, अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी राजेन्द्र कुमार मण्डावी, वरि.उ.वि.अधि. सेवक राम मरकाम, ग्रा.उ.वि.अधि. हिमाचल नेताम, ग्रा.उ.वि.अधि. प्रकाश नारायण पैकरा, ग्रा.उ.वि.अधि. एवं उद्यानिकी मित्र उपस्थित रहे।



कृषक परिवार सदस्यों को बताया गया कि प्रावधानित अनुदान राशि विभिन्न घटकों में उपयोग लाये जाने वाली आदान सामाग्री का क्रय कृषक द्वारा स्वयं की जाएगी। अनुदान राशि क्रय सामाग्री उपयोग एवं भौतिक सत्यापन के बाद अनुदान की राशि कृषक के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। प्रशिक्षण में अनुदान राशि का सही सदुपयोग करने का आहवान प्रशिक्षण में उपस्थित मुख्य अतिथि प्रमिला मरकाम, कृषि स्थायी समिति कोण्डागांव द्वारा किया गया। कृषक परिवार सदस्यों द्वारा चिराग योजना में साझेदारी एवं सहभागिता सुनिश्चित करने की हिदायत संगीता पोयाम जनपद सदस्य बड़ेराजपुर द्वारा दी गई। प्रगतिशील कृषक मंहगू राम मरकाम, उप सरपंच रतिराम मरकाम ने कहा कि कृषक की भागीदारी से ही गांव, जिला और राज्य का विकास होगा एवं कृषक परिवार का भविष्य सुदृढ़ होगा।

---

**आयोजन : गृह ग्राम के खेल के समापन सत्र में पहुंचे देवचंद मतलाम**

# त्रिस्तरीय संकुल शारीरिक सांस्कृतिक और बौद्धिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

ग्राम पंचायत डोंडेरापाल में आज त्रिस्तरीय संकुल शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव ने समापन किया। श्री मतलाम ने उद्बोधन में जीवन में खेल का महत्व, शिक्षा से महत्व साझा किया। साथ में माता पिता और गांव की नाम रोशन करने की अपील की। मुरवेंड संकुल से ज्यादा से ज्यादा बच्चे डॉक्टर बनने की उम्मीद की। साथ में संतोषी मरकाम जपं सदस्य, फूलबत्ती मारापी सरपंच, खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव, रिकेश्वर मरकाम उपसरपंच धनराज पटेल उप सरपंच विजय सलाम तुलसी राम सलाम मूरवेंड संकुल के प्राचार्य अजय शर्मा व सीएसी, शिक्षक दयाराम सोनवानी, संदीप मांडवी, हीरा बत्ती साहू ग्राम के गायता पटेल मांझी और सैकड़ों की संख्या में आसपास के ग्रामवासी मौजूद रहे। स्कूल बच्चे ,शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

- ग्राम पंचायत डोंरेपाल, तोषकापाल व बटराली में किया थ आयोजन





### हर बच्चे को मिले शिक्षा, शिक्षित होने से ही विकास संभव

केशकाल के ग्राम पंचायत तोषकापाल में आज त्रिस्तरीय संकुल शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुआ मुख्य अतिथि के रुप में देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव शामिल हुए। श्री मतलाम ने अपने उद्बोधन में जीवन में खेल का महत्व, शिक्षा प्रति शिक्षक शिक्षिकाएं जो दिया जला रहा है आने वाले समय ओ बच्चे का भविष्य सुनिश्चित करने की अपील की। पिछले 10 साल के पहले और वर्तमान में ग्राम के हर बच्चे को शिक्षित करना और नागरिक को शिक्षित से ही विकास संभव है। साथ में और तराईबेड़ा संकुल से ज्यादा से ज्यादा बच्चे इंजीनियर डॉक्टर बनने की अपील किया। साथ में वर्तमान युवा सरपंच सुमिरन शोरी की गांव की विकास की तारिफ की। रतिराम मरकाम जं प सदस्य खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव सुमिरन शोरी सरपंच, मिलनाथ कोर्राम हीरा सिंग नेताम जगदीश मरकाम कौशल्या मरकाम उप सरपंच हिमांशु मरकाम हेमलाल मरकाम छेदी लाल नेताम रामलाल मरकाम संकुल के प्राचार्य एच के पचबिये, आर के पटेल, ग्राम के गायता पटेल मांझी और सैकड़ों की संख्या में आसपास के ग्रामवासी मौजूद रहे।

### विद्यार्थी खेल और शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करके इतिहास रचें

केशकाल के ग्राम पंचायत बटराली में आज त्रिस्तरीय संकुल शारीरिक बौद्धिक एवं सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन आज हुआ। मुख्य अतिथि देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव ने मां सरस्वती का पूजा करके समापन कार्यक्रम आरंभ किया। श्री मतलाम ने अपने उद्बोधन में जीवन में खेल खेलना और हार से पुनः प्रयास जारी रखना व निराश नहीं होने की अपील किया। साथ सभी पालकों से विशेष अपील की कि बच्चे को टाइम में स्कूल भेजें। साथ ही ग्रामवासियों को अपना वर्तमान कार्यकाल के विकास किए हैं, उससे अवगत करवाया। आने वाले समय में बटराली संकुल के बच्चे को खेल, शिक्षा के क्षेत्र में नई इतिहास रचने की अपील की। इस दौरान श्रीमती माहेश्वरी हिरको सरपंच बटराली खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव सतीश नाग ज.प सदस्य प्रमिला गोटा जं.प सदस्य, सरपंच पनका कोरेटी देवली नाग टाकेशवर शोरी मीना कुमेटी जगत राम दुग्गा शंकर कुंजाम अगनू कचलाम कैलाश कुंजाम गोबिंद कुंजाम राधे लाल नेताम मीलाऊ कुंजाम घनश्याम नाग संकुल के प्राचार्य राजाराम नेताम कुशल वैध, कन्हैया मांडवी बटराली संकुल के ग्राम के गायता पटेल, शिक्षक, शिक्षिकाएं व ग्रामवासी मौजूद रहे।

---

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने महिलाओं को दी विधिक जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में 5 दिसंबर को महिलाओं के लिए विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिवि डेवेलपमेंट सोसायटी द्वारा किया गया, जिसमें महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने की। सुश्री गायत्री साय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों पर विस्तृत जानकारी दी।

### कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थिति रहे

कोतवाली थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय, प्रोग्रामर अधिकारी शफीना शेख, कार्यक्रम अधिकारी ईश्वर पटेल, उपसरपंच लोकनाथ मंडावी, महिला संरक्षण अधिकारी सुमित्र कोर्राम, अन्य सहयोगी पुष्पांजली आहिरे, स्वीटी दास, अधिकार मित्र विवेक कश्यप। इस जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की और इसे अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### महत्वपूर्ण विषय जिन पर जानकारी दी गई

*घरेलू हिंसा और उससे बचाव के उपाय, यौन उत्पीड़न और कार्यस्थल पर उत्पीड़न से सुरक्षा, दहेज प्रथा के खिलाफ कानूनी प्रावधान, मुफ्त कानूनी सहायता कैसे प्राप्त करें। सुरेन्द्र भट्ट ने बताया कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कानून ने कई ठोस कदम उठाए हैं। महिलाओं को इन कानूनों की जानकारी होना चाहिए, ताकि वे अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें।*

---

**हरी झंडी दिखाकर जगदलपुर के लिए किया गया रवाना**

# बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली का जिला मुख्यालय पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली केशकाल से रवाना होकर जिला मुख्यालय कोंडागांव पहुंचने पर कलेक्टर परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार और नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा खिलाड़ियों को पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक में शामिल होने शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। मशाल रैली को उपस्थित अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इसके बाद रैली फरसगांव विकासखण्ड पहुंची, जहां अनुविभागीय अधिकारी अश्वन पुसान, मु.का.अधि. जनपद पंचायत फरसगांव रामेश्वर महापात्र एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा मशाल रैली का स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात मशाल रैली को कोण्डागांव विकासखण्ड के लिए रवाना किया गया। फरसगांव के ग्राम लंजोडा में भी ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। कोण्डागांव में स्वागत के बाद मशाल रैली का भ्रमण कराया गया। जिनका फुटबॉल के खिलाड़ियों द्वारा फुटबॉल स्टेडियम में स्वागत किया गया। इसके पश्चात मशाल रैली को कोण्डागांव से जगदलपुर के लिए रवाना किया गया। मार्ग में कोण्डागांव विकासखण्ड के दुधगांव, बनियागांव एवं दहीकोगा में भी ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। मशाल रैली के नोडल प्रभाकर सिंह, व्या. शिक्षक हैं। मशाल रैली के नेतृत्व करने वाले खिलाड़ियों सुशीला नेताम, रमीता शोरी, रंजू नेताम और देवकुमार नेताम सभी खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के पदक प्राप्त तीरंदाजी के खिलाड़ी हैं। तीरंदाजी के खेलो इंडिया सेंटर के प्रशिक्षक नकुल सिंह, कबड्डी के राज्य स्तर के कबड्डी खिलाड़ी मुन्ना नेताम, शितल मरकाम बस्तर भी शामिल हैं। संभाग के 7 जिलों से यह मशाल रैली 3.30 बजे तक जगदलपुर पहुंचेगी, जहां शाम 4.15 बजे दलपत सागर में दीप प्रज्वलित कर इस मशाल रैली का समापन किया जाएगा।




### मशाल रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया

इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एस डी एम अजय उरांव वरिष्ठ खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। मशाल रैली प्रातः 10 बजे विकासखण्ड मुख्यालय केशकाल से प्रारंभ हुई, जहां अध्यक्ष जनपद पंचायत केशकाल महेन्द्र नेताम, अध्यक्षनगर पंचायत केशकाल रोशन जमीर खान अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अंकित चौहान एवं ग्रामीण, स्कूली विद्यार्थी, खिलाड़ी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों द्वारा मशाल रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। केशकाल के ग्राम बहीगांव में मशाल रैली का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

---

# नरहरपुर में ग्रंथालय खोलने की कलेक्टर से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरहरपुर

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति व जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ के कार्यवाहक प्रान्ताध्यक्ष व्हीपी शोरी ने कलेक्टर से नरहरपुर में ग्रंथालय खोलने के लिए मांग पत्र लिखा गया।

जिला के तहसील नरहरपुर में छात्र व छात्राओं को मार्गदर्शन करने, उन्हें प्रासंगिक साहित्य उपलब्ध कराने, मनोरंजक सामग्री चुनने में उनकी मदद करने और प्रोजेक्ट मॉडल आदि तैयार करने में, उनको समर्थन करने में, विभिन्न स्तर के प्रतियोगिताओं में पुस्तकालय के महत्व और महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिससे छात्र व छात्राओं को अनदेखी नहीं किया जा सकता, पढ़ना दिमाग के लिए, वहीं है जो व्यायाम शरीर के लिए है। प्रतिभाओं के लिए तहसील नरहरपुर में जिला ग्रंथालय उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में आर्थिक स्थिति से कमजोर छात्रों को ज्यादा दूरी का सफर करने से जिला मुख्यालय पहुँचने में सभी स्तर से परेशानी होती है, ऐसी स्थिति में विकास और प्रगति का मार्ग प्रशस्त कैसे किया जा सकता है। सांस्कृतिक कांति की ओर ध्यान केन्द्रित करने के लिए प्रत्येक छात्रों को शैक्षणिक संस्थान की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा जगत की आधारशिला, बौद्धिक प्रगति के लिए शायद सबसे अपरिहार्य स्थान हैं। बुनियादी शिक्षा प्रदान करने में एक छोटी सी असफलता एक पूरी पीढ़ी को बर्बाद कर सकती है, इसलिए संसाधन उपलब्ध होना अधिक प्रभावी व अभिनव बनाता है एवं ऐसे छात्र व छात्राओं को उनकी शिक्षा के प्रति रूचि को बढ़ाता हैं।

---

# घरेलू बात पर पत्नी से मारपीट पति के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



पति के द्वारा आए दिन मारपीट करने व शराब पीकर गाली गलौज करने से परेशान महिला ने कांकेर थाना में पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पति आए दिन शराब पीकर घर आते है और घरेलू बातो को लेकर विवाद करते है, जिससे काफी परेशान हूं। पीड़िता की बात सुन पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थाना में शिकायत करने पहुंची कुरना निवासी 33 वर्षीय अगेश्वरी साहू पति उमलेश साहू ने पुलिस को बताया कि मेरी शादी उमलेश साहू से वर्ष 2011 में सामाजिक रिति रिवाज के साथ हुआ है। मेरे पति आए दिन घरेलू बातो को लेकर गाली गलौच कर मारपीट करते है। मेरे पति आरोपी उमलेश साहू 4 दिसंबर को सुबह 7 बजे शराब पीकर घर आए, उस समय मै घर ही थी। पति को शराब पीने से और गाली देने से मना कि तो वह गुस्सा हो गया और आवेश मे आकर तुम कौन होती हो मुझे शराब पीने से मना करने वाली बोलते हुए जान से मारने की धमकी दिया। गाली देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मेरे गर्दन, सिर, दाहिने जांघ, बाए हाथ में चोट आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

---

## संकुल स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का हुआ समापन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत लोहत्तर में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मण्डावी बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुई। समापन के अवसर पर विधायक सावित्री मंडावी ने छात्रा छात्राओं से आव्हान करते हुए कहा कि खेलकूद से शारीरिक मानसिक बौद्धिक एवं नैतिक विकास होता है। खेलकूद में हार जीत लगा रहता है एवं हार के बाद ही जीत होती है। हारे हुए खिलाड़ियों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है आने वाले वर्षों के लिए पुनः मेहनत करें और खेलकूद के साथ पढ़ाई पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर बसंती भलेश्वर सरपंच लोहत्तर, अमिता उइके, हुमन मरकाम, मुकेश्वरी नरेटी, कन्हैया पात्र, सियाराम जैन, ढालसिंग पात्र, मंगिया उसेण्डी, मेहत्तर दिवान, पुरुषोत्तम देहारी, कंवल सिंह दिवान, संतुराम नरेटी, धनेश नरेटी, दुवारु मण्डावी, एसएस नेगी, शांति लाल जाड़े, राजाराम पुरामे, नीरज कोसमा, नरेश पोटाई, राजेन्द्र उसेण्डी, ठाकुर राम चुरेन्द्र, मंगिया उसेण्डी, मोतीराम भलेश्वर, ओमप्रकाश भुआर्य उपस्थित रहे।



---

**स्वच्छ पेयजल के साथ स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम**

# जल जीवन मिशन ने ग्राम ओण्डरी की बदली तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई जल जीवन मिशन आज कई ग्रामीण परिवारों को पेयजल की समस्या से छुटकारा दिलाने में कारगर साबित हो रहा है। इससे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के लिए आत्मनिर्भर बनाने के साथ स्वस्थ जीवन और महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में जल जीवन मिशन के बेहतर क्रियान्वयन के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। जिले के माकड़ी विकासखंड से लगभग 16 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम ओण्डरी की जनसंख्या लगभग 1,403 है। पहले इस गांव के ग्रामीणों को पेयजल के लिए केवल हैंडपंप पर निर्भर रहना पड़ता था। गर्मियों में अधिकांश हैंडपंप का जलस्तर नीचे गिरने के कारण गांव को सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ता था। इस समस्या से निपटने के लिए ग्रामीणों को अन्य गांवों या दूर स्थित कुओं से पानी लाते थे। इस दौरान खासतौर पर महिलाओं को कई कठिनाई का सामना करना पड़ता था।








### जल जीवन मिशन से ग्राम ओंडारी को मिली नई दिशा

पेयजल के लिए विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे ओण्डरी गांव के लिए जल जीवन मिशन एक नई उम्मीद बन कर आई। जल जीवन मिशन मिशन के तहत ग्राम ओण्डरी में भी कार्य शुरू हुआ और सभी घरों को इस योजना से जोड़ा गया। अब हर घर को नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। गांव में कुल 234 घरेलू नल कनेक्शन लगाए गए हैं।

### महिलाओं के जीवन में आया सुखद बदलाव

जल जीवन मिशन के आने से महिलाओं के जीवन में बड़ा और सकारात्मक बदलाव आया है। अब महिलाओं को पानी लाने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे उनकी मेहनत कम हुई है और समय की भी बचत हो रही है।

### महिला सशक्तिकरण को मिली नई दिशा

गांव की महिलाओं को जल वाहिनी के रूप में नई पहचान मिली है। जल की जांच के लिए महिलाओं लालवती, हंसादेवी, सत्यवती, गजवती और मांगीबाई को प्रशिक्षित किया गया है और वे जल वाहिनी के रूप में कार्य कर रही हैं। जल परीक्षण से पानी की गुणवत्ता की भी जानकारी मिल रही है। अब घर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से टाइफॉइड, कॉलेरा, हेपेटाइटिस जैसी जलजनित बीमारियों का खतरा भी कम हुआ है। ग्रामवासियों का कहना है कि पहले पानी की कमी के कारण उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गर्भवती महिलाओं के लिए पानी लाना जोखिम भरा काम था। अब घर में नल लगने से उन्हें बहुत राहत मिली है। सरपंच सियाराम नेताम ने कहा, जल जीवन मिशन के माध्यम से हमारे गांव में शुद्ध पेयजल पहुंचा है। इससे ग्रामवासियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। हम सरकार के इस प्रयास के लिए आभारी हैं। गांव की कुंती बाई मरकाम ने बताया कि पहले कुएं का पानी पीते थे। अब सरकार ने घर में ही नल बना दिया है, जिसमें सुबह शाम पानी आता है। इसी प्रकार अमेश्वरी बाई ने बताया कि पहले पानी के लिए बहुत जाना पड़ता था, साथ ही गंदे पानी के उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होती थी। अब घर में ही स्वच्छ पेयजल मिल रहा है, जिससे सभी परेशानियां दूर हुई है। ग्रामवासियों ने योजना के हर घर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

---

## पेज 9 के शेष

### हर माह के पहले...

कृषि जितेंद्र कुमार कोमरा एवं कृषि विभाग के अधिकारीगण, आत्मा योजना के अंतर्गत चयनित कृषक मित्र, जिले के 110 उन्नतसील कृषक एवं केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक सम्मिलित हुए। इस एपिसोड में नई किस्मों, उनके फायदे उपयुक्तता अनुकूलनशीलता आदि पर बहुमूल्य जानकारी प्रदान की गई।

### छात्रों की समस्याओं...

अंक लाने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर शिक्षकों से निरतंर छात्रों से चर्चा कर उनकी समस्याओं व सवालों को दुर करने के निर्देश दिया गया।

### अग्निवीर प्रशिक्षण से...

को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। साहू समाज ने युवक की इस उपलब्धि को समाज के युवाओं के लिए

## खबर संक्षेप

### बाहरी मटर से लोकल मटर का दाम रहा तेज



**जगदलपुर।** रविवार की दोपहर बारिश होने से ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार बाजार में नहीं रहे और बारिश के बंद होने से शहरीय खरीददार सब्जी लेने पहुंचे थे। मौसमी सब्जियों की आवक अधिक होने से सब्जियों की दरें कम हुई, खरीददार कम दिखे। ठंड के मौसम में आने वाला लोकल मटर बाजार में 120 रूपए पर रायपुर का मटर 90 रूपए, टमाटर 20, भट्टा 30, बरबटी 30, भटटा 40, करेला 60, आलू 40, प्याज 60-70, अदरक 200, लहसून 450, फूलगोभी 30, पत्तागोभी 30, शिमला मिर्च 60, हरी मिर्च 50, भिंडी 20 रुपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी भाजी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

### महतारी वंदन योजना से समक्का को मिली आर्थिक संबल



**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सकारात्मक सोच एवं पहल से मातृशक्ति आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत हुई। महिलाएं महतारी वंदन योजना से लाभान्वित होकर आर्थिक गतिविधियों से जुड़ रही है, घर परिवार को छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो रही है। वहीं व्यवसायी महिलाएं अपने व्यापार-व्यवसाय को भी बड़ी आसानी से बढ़ाने में कामयाब हो रही है। निम्न एवं मध्यम आय वाले परिवार से जुड़े महिलाओं को महतारी वंदन योजना आर्थिक संबल दे रही है। यह योजना उनके लिए संजीवनी की तरह साबित हो रही है। महतारी वंदन योजना के दसवें किश्त प्राप्त कर चुकी राउतपारा बीजापुर की व्यवसायी महिला समक्का एरोला ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं। उनके बड़े बेटे बीए फाईनल की पढ़ाई कर चुके हैं।

### कृषक योजना से जगदेव उन्नति की ओर अग्रसर



बीजापुर। मुख्यमंत्री ने 31 सौ रूपए में धान खरीदकर खेती-किसानी को बढ़ाया है और किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटी है। कृषक उन्नति योजना के तहत मिलने वाली अंतर की आदान राशि ने खेती किसानी में चार चांद लगा दिया। किसान अब पूरे आत्मविश्वास और सरकार के फैसले से स्वयं को पहले से अधिक सक्षम महसूस कर रहे हैं। बीजापुर जिले के ग्राम जैतालूर निवासी किसान जगदेव भोयर ने बताया कि कृषक उन्नति योजना से वह उन्नति की ओर अग्रसर हुए यह योजना उनके आर्थिक उन्नति का द्वार खोल दिया जगदेव भोयर ने बताया कि उनके पास 12 एकड़ खेत है। पिछले वर्ष 2 लाख 10 हजार रूपए की धान बेची और अंतर की राशि 50 से अधिक रूपए उनको कृषक उन्नति योजना के रूप में मिला जिससे 5 एकड़ खेत में भूमि सुधार कराया।

### पोस्टमार्टम के लिए 5 हजार लेने की मिली थी शिकायत

# राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका ने छिंदगढ़ अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदगढ़



सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लाक के अंतर्गत गांव कनकापाल में एक महिला की मृत्यु होने के बाद उसके पोस्टमार्टम के लिए उसे छिंदगढ़ स्वास्थ केंद्र में शुक्रवार को दोपहर लगभग 12 बजे लाया गया,जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनसे पैसे मांगे जाने पर मृत आदिवासी महिला के गरीब परिजनों के पास इतनी राशि नहीं होने पर उन्होंने इसकी शिकायत राज्य महिला आयोग सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी से की बात। जिसकी जानकारी मिलते ही दीपिका ने डॉक्टर से बात कर बिना कोई शुल्क लिए पोस्टमार्टम करने की बात कही इसके पश्चात अस्पताल प्रबंधन के द्वारा शाम को पोस्टमार्टम किया गया।

वही जब इस बात की जानकारी मिलने पर महिला आयोग सदस्य ने जानकारी एकत्रित करना प्रारंभ किया। तो पता चला कि छिंदगढ़ अस्पताल में यह पोस्टमार्टम करने के बाद पैसा लेने वाला काम वर्षों से चला आ रहा हैं। हमेशा प्यून को देने के नाम से मृतक के घर वालों से पैसे लिया करते है। दीपिका ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल प्यून की मांग के लिए आवेदन जिला स्वास्थ अधिकारी को देने की बात कही। वही निरीक्षण में आने के बाद खंड चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करने के बाद भी वो निजी कार्यों का हवाला देते हुए उपस्थित नहीं हुए जिस पर राज्य महिला आयोग सदस्य दीपिका ने नाराजगी जाहिर की और कहा ग्रामीण अंचल में जंहा ग्रामीणों के दुःख के समय उनके परिजनों से पैसे लिए जा रहे है ऐसे समय में बीएमओ से उसकी जानकारी लेने का प्रयास किया गया। ऐसे बड़े मुद्दे को भी हल्के में लेना बीएमओ की बड़ी लापरवाही है।

अगर उनकी जानकारी में ये सब हो रहा है तो निश्चित ही यह गलत हो रहा है। इस बात को लेकर मैं कलेक्टर से चर्चा करूंगी और दोषी पाए जाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करूंगी।

### मरीजों एवं उनके परिजनों से की बात

दीपिका ने अस्पताल निरीक्षण के वक्त अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बात की व उनकी समस्या एवं अस्पताल प्रबंधन के आचार व्यवहार के संबंध में पूछताछ की। निरीक्षण के उपरान्त दीपिका ने कहा की अस्पताल में साफ-सफाई अच्छी है मरीजों का भोजन भी सही है परन्तु पोस्टमार्टम में हों रही पैसों की मांग सबसे गलत है व आज जब मैं यहाँ आई हूं व बीएमओ को इसकी जानकारी है वो छिंदगढ़ में उपस्थित है इसके बाद भी उनकी अनुपस्थिति उनके कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है, मैं निश्चित तौर पर इसकी शिकायत करूंगी जिससे आगे हमारे आदिवासी जनता का शोषण न हों पाए।00

## जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया कैंप का भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

पीएमश्री स्कूल योजना के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को शैक्षिक पर्यटन का लाभ दिया जाता है। इसी कड़ी में भवेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन के निर्देशन में सीआरपीएफ कैंप पुसपाल घाट बस्तर का जवाहर नवोदय विद्यालय जगदलपुर के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के तहत 240 विद्यार्थियों को सीआरपीएफ एवं फोर्स को करीब से जानने का मौका मिला साथ ही, उन्हें सीआरपीएफ की कार्य प्रणाली तथा नक्सल उन्मूलन के बारे में सीआरपीएफ की भूमिका बताई गई। इस अवसर पर भवेश चौधरी कमांडेंट 188 बटालियन ने विद्यार्थियों को अपना भविष्य संवारने के लिए कैरियर संबंधी सुझाव भी दिए। साथ ही सीआरपीएफ के महत्व एवं ड्यूटी के बारे में अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व समझाया तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासा शांत करते हुए उनके प्रश्नों का जवाब दिया। विद्यार्थी सीआरपीएफ कैंप का भ्रमण करके, गर्व महसूस कर रहे थे, तथा जोश, जुनून और देश-प्रेम की भावना से ओत-प्रोत नजर आए। विद्यार्थियों ने जवानों द्वारा इतनी कठिन परिस्थितियों में की जा रही ड्यूटी तथा मातृभूमि के लिए उनके समर्पण को सराहा तथा बताया कि कैम्प में आकार प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक गण, ओम प्रकाश बिश्नोई सहा. कमांडेंट . बन्नाराम सहा. कमांडेंट तथा सीआरपीएफ के अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## दरभा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम कोडरी छापर के हर घर में हो रही पेयजल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके क्रियान्वयन से ग्रामीण के मन व शरीर को सुकून मिलने के

- ग्रामीणों ने जताया हर्ष और सरकार को दिया धन्यवाद

साथ ही उनके जीवन में बदलाव आया है। वहीं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के जरिए ग्रामीणों का स्वास्थ्य भी बेहतर हो रहा है।

इसी क्रम में जल जीवन मिशन के द्वारा जिले के दरभा विकासखण्ड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम कोडरी छापर के हर घर में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है और ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए



सरकार को धन्यवाद दिया है। जल जीवन मिशन के तहत विकासखण्ड दरभा के ग्राम कोडरीछापर के 69 परिवारों को नियमित तौर पर जलापूर्ति हो रही है। करीब 320 आबादी वाले इस ग्राम में 9 मीटर 10 किलोलीटर के 3 सोलर सिस्टम टंकी लगाकर 2012 मीटर पाईपलाइन के माध्यम से 69 घरों में पानी पहुंचाया जा रहा है। गांव के सरपंच देवराम मरकाम बताते हैं कि पहले गांव में पानी की बड़ी तकलीफ थी विशेष कर बारिश के मौसम में मार्ग किचड़ से भरा होता था और उसमें महिलाओं को पानी से भरा गुंडी लेकर पार करना बहुत कठिन होता था। कई बार पैर फिसलने के कारण गिर जाते थे। अब गांव में सभी के घरों में नल लग चुका है और हर दिन नियमित रूप से पानी की आपूर्ति हो रही है। किसी को पानी लेने बाहर नहीं जाना पड़ता गांव के सभी लोग बहुत खुश हैं। सरपंच ने ग्राम सभा में हर घर जल उपलब्धता प्रमाण पत्र देने के दौरान ग्रामीणों को पेयजल प्रबंधन के बारे में भी अवगत कराया और जल जीवन मिशन से लाभान्वित करने के लिए सरकार को धन्यवाद दिया। वहीं ग्रामीण महिला मंगती बाई ने स्थानीय हल्बी बोली में कहा कि घर-परिवार के कामकाज के साथ हैंडपंप से पानी भरकर लाना कष्टप्रद था।

## मानव चलित बुवाई यंत्र ने किसानों को किया आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

जिला प्रशासन दन्तेवाडा द्वारा आयोजित दो दिवसीय 6-7 दिसंबर जैविक दन्तेवाडा कॉन्क्लेव 2024 आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न राज्यों से जैविक खेती करने वाले प्रगतिशील किसान, विशेषक्ष, हितधारक एवं व्यापारी सहित अन्य लोग आये थे।

इस कॉन्क्लेव में कृषि विज्ञान केन्द्र गीदम दन्तेवाडा ने भी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. प्रवीण कुमार निषाद के मार्गदर्शन में आधुनिक कृषि तकनीकी का प्रदर्शनी लगाया। जहां केवीके के मार्गदर्शन में महिला स्व-सहायता लसमूह द्वारा प्रसंस्कृत सुगंधित चावल, रागी माल्ट, तिखुर, हर्बल गुलाल सहित अन्य छोटे छोटे कृषि उपकरण जैसे गार्डन टूल, पैडी ड्रम सिडर, मूंगफली छिलाई यंत्र को प्रदर्शित किया। इस पूरे कॉन्क्लेव में केवीके द्वारा प्रदर्शित छोटे उन्नत




कृषि यंत्र हैंड पुस सीडर जिले के किसानों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

इस मानव चलित बुवाई यंत्र की सहायता से सभी अनाज वाली फसलों, दलहनी व तिलहनी फसलें जैसे ज्वार, बाजरा, मक्का, सेम, उड़द, मूंग, मूंगफली, कपास, सूरजमुखी आदि बीजों की बुवाई की जा सकती है। यह यंत्र एक ऑपरेशन में बीज बुवाई के साथ ही खाद देने का कार्य पूरी कर सकती है और बीज के बीच एक समान दूरी बनाए रख सकती है, जो बीज को तेजी से और स्वस्थ अंकुरित करने में मदद करती है। वनज में बहुत हल्का और संचालित करने में आसान है।

इस यंत्र की कीमत मात्र 6000 से 8000 रु. है, जिसे छोटे किसान भी आसानी से खरीद सकते हैं।

## पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को किया जा रहा सशक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिले के ग्राम पंचायत दुगोली, तोयनार, बेदरे, गुदमा, केसाईगुड़ा, दुधेडा. बोरजे के स्कूल एवं पंचायत स्तर पर बच्चों एवं महिलाओं के अधिकार हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति, स्कूल महिला स्व सहायता समूह एवं स्कूल के बच्चों एवं महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसाओं की जानकारी दिया जा रहा है। इस अभियान में बीजादूतीर स्वयं सेवक द्वारा भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दिया जा रहा है, कि ऐसा विवाह जिसमें वर 21 वर्ष से कम और वधु 18 वर्ष से कम अवस्यक हो तो उसे बाल विवाह माना जायेगा।

बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है। जिसके कारण सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक हो सकते है। इन कारणों पर विचार विमर्श करके इस समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है और एक साकारात्मक वार्तावरण तैयार करना आवश्यक है बच्चों से होने वाले दुर्यव्यहार बालश्रम, सड़क पर रहने वाले बच्चे को लैगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम हेतु सजग रहने की जानकारी एवं बच्चों को नशे से दूर रखने की समझाईस दी जा रही है।

## प्रशिक्षित महिलाएं आर्थिक गतिविधियों के लिए तैयार



**बीजापुर।** जिले की महिलाओं को आर्थिक रुप से सक्षम बनाने के उद्देश्य से उद्यमिता प्रशिक्षण हेतु जिला प्रशासन द्वारा पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय अंजोरा भेजा गया था। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत बीजापुर जिले के 35 पशु सखी एवं किसानों को मुर्गी पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का 6 दिसंबर को मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग पशुधन विकास अभिकरण, विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य, केवीके के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. वीएन खूने, प्रशिक्षण आयोजक डॉ. रामचंद्र रामटेके, सहा. प्राध्यापक डॉ. रजनी फ्लोरा कुजूर, डॉ. सुभाष वर्मा, डॉ. आशुतोष, डॉ. शिवेश, डॉ. ओपी दिनानी, डॉ. प्रीति सिंह एवं प्राध्यापकगणों के उपस्थिति में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा में सम्पन्न हुआ। इसमें प्रदेश के बीजापुर जिले से आए 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जागृति कृष्णन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सब्बीर अनंत के द्वारा किया गया।

## महिलाओं ने जाना उनका अधिकार और कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में दंतेवाड़ा जिले में 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में विगत दिवस को शासकीय दन्तेश्वरी महाविद्यालय दंतेवाड़ा में लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिसमें संरक्षण अधिकारी मनीषा ठाकुर द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 की जानकारी देते हुए बताया गया। कि कोई भी कामकाजी महिला चाहे वह शासकीय, अर्ध शासकीय, निजी क्षेत्र का संगठन, शैक्षिक, मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवायें, वित्तीय क्रियाकलाप कर रहा




हो या दैनिक मजदूरी, घरेलू कर्मकार ये सभी महिलाएं इसके अंतर्गत आती है, यदि इनके साथ अपने कार्य के दौरान उनके उच्चाधिकारी या सहकर्मी द्वारा कोई लैंगिक कृत्य किया जाता है या ऐसे कृत्य की मांग की जाती है तब वह महिला आंतरिक शिकायत समिति या स्थानीय शिकायत समिति में शिकायत कर सकती है। या सी बाक्स पोर्टल के माध्यम भी शिकायत कर सकती है।




## लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस से 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक 16 दिवसीय सक्रियता अभियान के रूप में लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढाने हेतु गतिविधियॉ जिले में आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत स्कूल, आश्रम पोर्टाकेबिन एवं आंगनबाड़ी व पंचायत स्तर पर छात्र-छात्राओं व स्वसहायता समूहो के महिलाओं व




किशोरी बालिकाओं का महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम, सोशल मडिया पर पोस्ट इंफ्रोग्राफिक्स के माध्यम घरेलू हिंसा, बाल विवाह रोकथाम अधिनियम बाल संरक्षण तंत्र की जानकारी मिशन शक्ति के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न योजनाएं एवं सेवाओं वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन के प्रति जागरूकता, महिला उत्पीडन, इलेक्ट्रीक शिकायत पोर्टल के बारे में जागरूकता बढ़ाना, आपातकीन सेवाओं जैसे महिला हेल्पलाईन 181, चाईल्ड हेल्पलाइन 1090 के बारे में जागरूकता के साथ-साथ बाल सड़क पर रहने वाले बच्चे, अपशिष्ट सग्रांहक, बाल भिक्षावृति से लिप्त बच्चे, बालश्रम में लिप्त बच्चों का चिन्हांकन एवं बेटी बचाओ बेटी पढाओं अभियान पर सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान लोगों को लैगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, बाल संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह रोकथाम हेतु सजग रहने की जानकारी एवं बच्चों को नशे से दूर रखने की समझाईस दी जा रही है। 16 दिवस का अभियान चलाया जा रहा है। प्रचार-प्रसार राहुल कुमार कौशिक जिला बाल संरक्षण अधिकारी, शीला भारद्वाज जिला महिला संरक्षण अधिकारी, आनंदमई मल्लिक विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सूची शुक्ला, पुष्पा बंजारे एवं संदीप चिडेम, राजकुमार निषाद सामाजिक कार्यकर्ता, राजेश मडे आउटरीच वर्कर द्वारा जानकारी दी गई है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कथा का श्रवण करने पहुंचीं विधायक सावित्री



**चारामा।** नगर चारामा के वार्ड क्रमांक 2, 3 और 4 में श्री श्री बटुकेश्वर महादेव महिला समिति और शीतलापारा के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी पहुंची और कथावाचक शिवानंद महाराज से आशीर्वाद लेकर कथा का श्रवण किया। महिला समिति ने विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने प्रशंसा करते हुए नारी एकता और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सदस्य गौ सेवा आयोग नरेन्द्र यादव, भुनेश्वर नागराज, अमृत देवांगन, कमलेश सेन, सुभाष सोनकर, शिव सोनकर, धर्मेंद्र कुंजाम, कैलाश कठोलिया व महिला समिति के सदस्य उपस्थित रहें।

### मामूली बात पर ग्रामीण की पिटाई, मामला दर्ज

**कांकेर।** ग्राम सारवंडी के ग्रामीण के साथ एक युवक ने मामूली बात को लेकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट से घायल ग्रामीण ने दुधावा चौकी में शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। चौकी दुधावा अंतर्गत ग्राम सारवंडी निवासी 50 वर्षीय नारायण सिंह नागे पिता अमर सिंह नागे ने पुलिस को बताया कि 3 दिसंबर की रात करीबन 8 बजें पान ठेला से बिस्कुट एवं तम्बाकू लेकर घर जा रहा था। पान ठेला के सामने मेन रोड सारवंडी में गांव का 25 वर्षीय राहुल नाग आया और रात में कहां घुम रहे है बोलते हुए गाली देने लगा। जान से मार दूंगा या गाड़ी से दबा दूंगा कहकर हाथ मुक्का से मेरे साथ मारपीट किया। मारपीट करने से मेरे दोनों गाल, पीठ दांहिने हाथ और भुजा में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा कर रणनीति तय

**जगदलपुर।** अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से ही छत्तीसगढ़ राज्य में भी सबसे बड़ा कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का बस्तर संभागीय सम्मेलन 15 दिसंबर 2024 को जगदलपुर में होने जा रहा है।


**शिविर :** सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन विधायक मंडावी की उपस्थिति में हुआ

# रासेयो के समापन सत्र में विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम सुखई में कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन समारोह 6 दिसंबर को धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी, कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डीएल बढ़ाई एवं सुमित्रा जगत दुग्गा ग्राम सरपंच द्वारा स्वामी विवेकानन्द, छग महतारी एवं सरस्वती माता के चित्रपटल पर द्वीप प्रज्वलित कर एवं स्वयंसेवकों द्वारा राजकीय गीत गायन कर की गई।

समापन समारोह का आगाज रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दिन भर चले इस समारोह में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने शिविर के दौरान सीखे गए ज्ञान और अनुभव साझा किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने अपने संबोधन में युवाओं की भूमिका और सामाजिक




सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। एनएसएस के प्रति छात्रों के उत्साह की सराहना की और कहा एवं युवाओं को समाज सेवा से जुड़ना चाहिए। यह न केवल उनके व्यक्तित्व विकास में मदद करता है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी सहायक होता है।

विद्यार्थी जीवन का महत्व बताते हुए कहा कि एक लक्ष्य निर्धारित कर उसके प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना चाहिए एवं यह योजनाएं दैनिक जीवन में अनुशासन लाती हैं। यह न समझें कि केवल लक्ष्य निर्धारित करने से ही सफलता मिल जाएगी। लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास, सीखने की इच्छा और आत्म-समर्पण आवश्यक हैं। अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए धैर्य और दृढ़ता से काम करना होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी जीआर मंडावी ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में प्रातः योग एवं परियोजना कार्य से दिनचर्या की शुरुआत होती थी। प्रभातफेरी, रैली, ग्राम सर्वेक्षण, सांस्कृतिक विकास के लिए संध्याकालीन सांस्कृतिक गतिविधियां प्रमुख हिस्सा रही। स्वयंसेवियों ने घर-घर जाकर नशा मुक्ति एवं स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी, नारा लिखे तथा नुक्कड़ नाटक एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम, शिक्षा का महत्व, सामाजिक बुराई जैसे अनेक कुरीतियों के बारे में जागरूकता का संदेश दिए। उन्होंने बताया कि बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत व्यक्तित्व विकास, युवा जागृति, बाल संस्कार, नारी जागरण, विद्यार्थी जीवन का लक्ष्य एवं कैरियर मार्गदर्शन जैसे विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों एवं अनुभवी व्यक्तियों ने जानकारी साझा करते हुए स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन कर नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

#### ये हुए शामिल

कार्यक्रम के अंत में देवलाल नरेटी, अमिता उयके, विजय पटेल, पिलम नरेटी, देवेंद्र टेकाम, संतो दुग्गा, सोपसिह आँचला, हुमन मरकाम, राधा जैन, जगत दुग्गा, नीरज कोसमा, सतीश जैन, खेमनलाल मंडावी, देवसिंह कांगे, दिलीप कुमार ताम्रकार, याकूब टोप्पो, डा. विकास पंकज भार्गव, सोनम बंसोड़, दिनेश माहवे, अनुज खरे, तुलसी मातलाम, गुलाब बघेल, अनुपा नरेटी, तुलसीराम माहवे, बज्जूराम कोमरा, शिवलाल कोमरे, सत्यनारायण जैन, भारत सलाम, कृष्णा जैन, चिमनीलाल नरेटी, बंसीलाल माहवे, किशोर जैन, सामसाय दुग्गा, महेश्वरी जैन, सुनती आँचला, संता उयका, लक्ष्मीनाथ माहवे, मुकेश गावड़े शिविरार्थी एवं समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

## खेल शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का माध्यम : सावित्री मंडावी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम मदले में तीन दिवसीय अंतर संकुल स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से आपसी सामंजस्य बनता है। एक- दूसरे के सुख- दुख को समझने का मौका मिलता है। आयोजित समापन कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि खेल एक ऐसा माध्यम है, जहाँ पर खिलाडियों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। खेल में जीत और हार लगा रहता है, इससे निराश नहीं होना चाहिए बल्कि हार के कारणों को जानकर उचित प्रयास कर दोबारा मैदान में उतरना चाहिए। खेल से शारीरिक, मानसिक विकास होता है, इससे महत्वपूर्ण बौध्दिक विकास होता है। जिस प्रकार हमें जीवित रहने के लिए भोजन, पानी की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह हमारे शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को मोबाईल गेम जैसे खेल से दूर रहना चाहिए, इसके स्थान पर शारीरिक परिश्रम वाला खेल खेलना चाहिए। कार्यक्रम में परागबाई बढाई, अमिता उयके, राधा जैन, विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम, अशोक जैन, देवलाल नरेटी, जगतराम दुग्गा, सोहन उयके, विकास राजू नायक, शकुन्तला नरेटी, जयबत्ती कल्लो, सुमित्रा दुग्गा, भारतराम भुआर्य, मनोज दुग्गा, मधुदास मानिकपुरी, सोमनाथ कल्लो, छबीलाल भूआर्य, देवजी कल्लो, लालजी कल्लो, धन्नूराम कडियाम उपस्थित रहे।

## बालक छात्रावास में विभिन्न टेस्ट का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बालक छात्रावास कांकेर में छात्रवासियों के द्वारा विभिन्न विषयानुसार टेस्ट का आयोजन किया दिया, जिसमें कक्षा 11 वीं, 12 वीं स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी विषयों के छात्रों के द्वारा टेस्ट परीक्षा दिया गया। यह टेस्ट परीक्षा हर महीने लिया जाता है, ताकि परीक्षार्थियों के कमियों को पहचाना जा सके और उनके कमियों को ढूंढा जा सके, ताकि आने वाले वार्षिक परीक्षा में उनकी गलती न हो सके और परीक्षा सफलतापूर्वक हो सके।

परीक्षाओं से छात्रों की सीखने की प्रक्रिया में मदद मिलती है और छात्रों को अपने ज्ञान और समझ का पता चलता है। छात्रों को अपनी ताकत और कमजोरी का पता चलता है तथा छात्राओं को अवधारणाओं को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलती है। गहन अध्ययन करने से ज्ञान और क्षमताएं बढ़ती है, अच्छे प्रदर्शन से आत्मविश्वास बढ़ता है परीक्षाओं से आलोचनात्मक चिंतन और विश्लेषण आत्मक क्षमताओं का पता चलता है एवं समय का प्रबंध करने में मदद मिलती है।

छात्रों को टेस्ट परीक्षा के फायदे भी बताए गए, जिसमें छात्रावास के अधीक्षक कमलेश्वर रामटेके, अध्यक्ष अरुण वट्टी, उपाध्यक्ष हरीश कुमार गोयल, सचिव गमेश कुमार उयके एवं सभी सिनियरस गढ़ उपस्थित रहे और इस टेस्ट परीक्षा में पुरुस्कार का आयोजन भी किया गया है जो छात्र प्रथम स्थान प्राप्त करेंगे उसको पुरुस्कार से सम्मानित किया जाएगा ताकि ऐसी कोई भी प्रतियोगि परीक्षाओं में ज्यादा से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हो इच्छुक हो।

## लेमन ग्रास ऑयल प्रोसेसिंग यूनिट का विधायक ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारोना




जिले के ग्राम देवगांव में लेमन ग्रास ऑयल प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य किसानो को खेती के क्षेत्र में नए विकल्प और ज्यादा मुनाफा के साथ आय में वृद्धि करना है। साथ ही किसानो को लेमन ग्रास (सुगंधित पादप) खेती के प्रति जागरूक करना है।

अभी तक उद्योगिनी संस्था के द्वारा जिले भर में इस साल 60 किसानो के 70 एकड़ जमीन में पौधा वितरण कर पौधा रोपण करवाया जा चुका है। बाजार में लेमन ग्रास ऑयल की बहुत ज्यादा मांग होने के कारण संस्था का प्रयास राहा की जिले में लेमन ग्रास ऑयल प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना किया जाए। संस्था के वरिष्ठ अधिकारी के दो-तीन वर्षों के अथक प्रयास से इस वर्ष लेमन ग्रास ऑयल प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना का कार्य पूर्ण किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम के कर कमलों के द्वारा यूनिट का उद्घाटन किया गया। विधायक ने संस्था के द्वारा जिले में किए जा रहे आजीविका संवर्धन और प्रयासो का प्रशंसा किया। यूनिट को संचालन करने वाली लक्ष्मी महिला उद्यम समूह को उनके कार्यों को बेहतर करने और एकजुट होकर ग्राम व अपने समूह का नाम ऊंचा करने को कहा।

समूह के द्वारा लेमन ग्रास ऑयल प्रोसेसिंग यूनिट के लिए टीना शेड, सोलर लाइट और तार घेराव करने के लिए विधायक को आवेदन दिया गया। विधायक के द्वारा 2 लाख रुपएं अपने विधायक फंड से देने की घोषणा किया। कार्यक्रम के दौरान अखिलेंद्र नेताम, पटेल, गायता, बिहान के अधिकारी, उद्योगिनी संस्था के राज्य कार्यालय से विवेक त्रिपाठी, भैयालाल सिन्हा, गजानंद सिन्हा, चंद्रप्रकाश बारसागड़े व अन्य लोग उपस्थित रहें।



## अखिल भारतीय हल्बा- हल्बी आदिवासी समाज की कार्यकारिणी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दुर्गुकोंदल ब्लॉक स्तरीय युवा प्रकोष्ठ गठन के पश्चात 08 दिसबंर को अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज दुर्गुकोंदल की आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। कर्रामाड में आयोजित तहसील स्तरीय बैठक में दुर्गुकोंदल ब्लाक के नव मनोनीत युवा प्रभाग कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान व शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया।

कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला सचिव उपेश्वर ठाकुर ने युवाओं को संबोधित किया और कहा कि आज हल्बा समाज की युवापीढी पूरी तरह से नशे की चपेट में आ चुकी है। इसके लिए सामाजिक जागरुकता जरूरी है। समाज में युवाओं की भागीदारी से इस समस्या से निजात मिल सकेगी। समाज के विकास में युवाओं का योगदान जरूरी है। समाज की रीति-नीति, संस्कृति से जोडकर सभ्य समाज के निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी, तो हल्बा समाज सबल बनेगा। केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ सामाजिक एकता के लिए प्रतिबध्द है और साथ ही शिक्षा व स्वास्थ्य भी आवश्यक है। केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ समाज के बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करता है। हमें बच्चों की शिक्षा पर विशेष बल देने की आवश्यकता है। जिला पदाधिकारी ने समस्त नव युवा पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार चिराम, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद बघेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ के वरिष्ठ सलाहकार मनोज किशोरे, उपाध्यक्ष बसंती भालेश्वर, सचिव तेजकुमार पिस्दा, सलाहकार कृपाराम बघेल, सह-सचिव हृदय बघेल, सर्व आदिवासी समाज के युवाध्यक्ष हरेश रावटे, मीडिया प्रभारी हेमलाल खरे, समस्त युवा, महिला संगठन के सदस्य व सगा-बिरादर उपस्थित रहे।

## युवक-युवती परिचय सम्मेलन व कैरियर गाइडेंस 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



कोसरिया गांड़ा समाज छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन और कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन 29 दिसंबर को किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल कचलाम, प्रदेश सचिव आनंद माहवे एवं संरक्षक टीकम टांडिया ने बताया कि समाज के युवक युवतियों के बीच मेल मिलाप और समाज के शिक्षित लोगों को कैरियर मार्गदर्शन के लिए युवक युवती परिचय सम्मेलन और कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन 29 दिसंबर को किया जाएगा। प्रदेश सचिव आनंद ने कहा कि समाज के युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने, नौकरी पेशा के लिए प्रेरित किया जायेगा, साथ जो पढ़ना चाहते हैं, उन्हें पढ़ने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। युवक युवती सम्मेलन में जो वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने योग्य युवक-युवतियों के लिए अपने जीवन साथी चुनने का अवसर मिलेगा। युवक युवती परिचय सम्मेलन और कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजन को लेकर ग्राम अवारी जिला बालोद में बैठक रखकर तिथि निर्धारित की गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष कलाराम कुलदीप, जिलाध्यक्ष ईश्वर टांडिया, जिलाध्यक्ष धन्नूराम बघेल, वत्सला टांडिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष लीलाप्रसाद कुलदीप, प्रदेश सहसचिव डोमेंद्र ग्वालवंशी, कार्यकारिणी सदस्य मनोज टांडिया, दिनेश कुलदीप, जिला उपाध्यक्ष देवराज नाग, निर्मल टांडिया, क्षेत्र अध्यक्ष डौंडी महेंद्र टांडिया, क्षेत्र अध्यक्ष साल्हे प्रेमलाल बघेल, पूर्व प्रांतीय महिला अध्यक्ष वत्सला टांडिया, क्षेत्र अध्यक्ष लिलेझर पन्नालाल सोनवानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी ललित चालकी, जिला उपाध्यक्ष बालोद अजय बघेल, बिहारी बघेल जिला सदस्य बालोद, बृजलाल कुलदीप, ब्लाक अंतागढ़ गिरधर टांडिया, सूर्याकांत टांडिया, अर्जुन कुलदीप क्षेत्र संरक्षक डौंडी, जगदीश टांडिया, उधोराम बघेल उपस्थित रहे।

## सुखई आनंद मेले में शामिल हुईं विधायक सावित्री मंडावी



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत सुखई में कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के एनएसएस शिविर के समापन दिवस में ग्राम में प्रथम आनन्द मेला का आयोजन ग्रामीणों के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें सुखई ग्राम के आसपास के ग्राम के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होकर आनंद मेला का आनंद उठाया। मेला में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सावित्री मनोज सिंह मंडावी के साथ सरपंच सुमित्रा जगत दुग्गा, जनपद सदस्य देवलाल नरेटी, अशोक जैन, विजय पटेल, उपसरपंच दिनेश माहवे, ग्राम पटेल बज्जूराम कोमरा, ग्राम प्रमुख जगतराम दुग्गा, किशोर जैन, भारतराम सलाम, कृष्ण जैन, बंशीलाल माहवे ने मेला का भ्रमण किया। इस दौरान विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने लोगों से अनौपचारिक भेंट करते हुए लोगो से चर्चा कर लोगो को जलेबी खिलाई व सब्जी खरीदी।

## नशा मुक्ति से देश और समाज का होगा विकास : विधायक नेताम



**सरोना।** सरोना में बंजारा समाज के नवीन भवन का लोकार्पण कर समाज के लोगों से एकजुट होकर काम करने विधायक आशाराम नेताम ने आव्हान किया। विधायक ने कहा कि बंजारा समाज का सामाजिक भवन बनने से समाज के लोग एक जगह बैठकर सामाजिक रीति-नीति और समाज के उत्थान के बारे में चर्चा करेंगे और समाज का उत्थान होगा। बंजारा समाज के नवीन भवन का लोकार्पण कर विधायक आशाराम नेताम ने बंजारा समाज के लोगों से नशा से दूर रहने और अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ा-लिखा कर समाज सेवा एवं देश सेवा के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। इससे न केवल समाज का उत्थान होगा, बल्कि देश का भी विकास होगा। महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमह भाजपा सरकार द्वारा माताओ को 1000 रूपए दे रही है एवं किसानों की धान को प्रति कुंतल 3100 रूपएं की दर से खरीद रही है। भाजपा जो कहती है वह पूरा करती है, जिससे क्षेत्र किसानों में खुशी की लहर है। कार्यक्रम में सरपंच सूरज कोराम, ग्राम पटेल मोहन नेताम, बंजारा समाज परिक्षेत्र अध्यक्ष नेक राम नायक, संरक्षक जितेंद्र नायक, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कोमल नायक, कमलेश नायक, संतोष नायक, लालजी नायक, राकेश नायक सहित ग्रामवासी एवं समाज जन उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगा दी जान, जांच जारी



**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत भण्डारीपारा निवासी 18 वर्षीय ऋषभ सेन पिता सुरेश सेन ने 8 दिसंबर को सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। भण्डारीपारा निवासी किशोर सेन ने पुलिस को बताया कि मृतक सुबह लगभग साढ़े 10 से साढ़े 12 बजे के बीच अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी का फंदा बना कर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग,
बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग,
स्त्री एवं पुरूषों के गुप्त रोग, शुगर रोग,
बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग
में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

**लारगांव मरकाटोला स्कूल के रासेयो स्वयंसेवकों का रहा योगदान**

## रासेयो की सांस्कृतिक संध्या में एकता-आस्था पर रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वर्गीय लच्छन सिंह ठाकुर शाउमा विद्यालय लारगांव मरकाटोला के सात दिवसीय विशेष शिविर में ग्राम झलियामारी में सांस्कृतिक संध्या अनेकता में एकता आस्था रैली निकाली गई।

कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर बस्तर डॉ. डीएल पटेल व डॉ. अभिषेक मिश्रा जिला संगठक ने ग्रामीणजनों के शिविर सहभागिता को देखते हुए तथा सांस्कृतिक संध्या की तैयारी में लगे शिविरार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भारत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार कोर्राम ने सांस्कृतिक रैली की विशेषता को बताते हुए कहा कि यह रैली लोगों को जोड़ने, सद्भावना, श्रद्धा, आस्था व अनेता में एकता भारत की गौरव गाथा को सांस्कृतिक उत्सव के साथ जोड़कर भारतीय सामाजिक चेतना को विकसित करने का अभिनव पहल बताया। सांस्कृतिक रैली में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, आदिशक्ति बुढ़ा देव, आंगादेव, डांगडोली, सिराह-गुनिया व अनेक राज्यों की ट्रेडीशनल कस्टयूम से सज-धज कर रेला तथा लोकगीतों की धुन में झलियामारी ग्राम के सभी गली घरों का भ्रमण करते हुए भेंट मुलाक़ात प्रथा को जीवंत कर हर घर-आंगन दीपों से, चौक श्रृंगार से, रंगोली से सुसज्जित मंगलमयी वातावरण में सांस्कृतिक रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामवासी सहभागी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवली गावड़े जनपद सदस्य, आनंद वट्टी सरपंच, माहंगू राम ग्राम पटेल, लच्छू राम सलाम उपसरपंच, गाडा राय टेकाम, पीला राम मंडावी, पुनू राम प्रधान, दुगेश्वर सोमेश, बृजलाल साहु, देवी कृशान, चिंता राम मरकाम, सुकाल नेताम, रूखमणी छाटा, लक्ष्मी नारायण दुबे, बीरेंद्र ठाकुर, मेहर दिवाकर, तृथी ठाकुर, शिविरार्थी वालेंटियर्स व ग्रामीण जनों का योगदान रहा।

One Way Taxi
अब आपके पास के
भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर
में उपलब्ध हो गयी है।


CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511